न्यूज़ बुलेटिन :

# सन्मार्ग

वर्ष–2

अंक–8

कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ की प्रस्तुति

मासिक –जून व जुलाई, 2023

## सत्र का उद्देश्य

- पढ़ने और सीखने की प्रवृत्ति को रूचिकर बनाना
- शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाना
- देश और मानवता के हित में अपने को योजित करना
- नैतिक और धार्मिक मूल्यों का अवगाहन

**प्रबन्धक**
इं0 वी0 के0 मिश्र

**प्राचार्य**
प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय

**सम्पादकीय**

**सम्पादक**
राजीव यादव

**उप–सम्पादक**
नितिन कुमार सिंह

**सहयोग**
पुष्पेन्द्र कुमार

# कालीचरण पी०जी० कॉलेज

**हरदोई रोड, चौक, लखनऊ–226003**
**(लखनऊ विश्वविद्यालय)**

## Events at College




कालीचरण महाविद्यालय में दिनांक 01.06.2023 को **शिक्षक अभिभावक सम्मेलन** का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों और छात्र–छात्राओं से शिक्षा को बेहतर बनाने में आने वाली बाधाओं और समस्याओं को दूर करने पर विचार किया गया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने की।



2 जून, 2023 को महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में स्नातक और परास्नातक के छात्रों का विदाई समारोह हुआ। आयोजन में शुभम मिश्रा को मिस्टर परफेक्ट व उर्वशी कश्यप को मिस परफेक्ट चुना गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



5 जून **विश्व पर्यावरण दिवस** के अवसर पर महाविद्यालय में 50 से अधिक पौधे लगाये गये। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर को **'ग्रीन कैंपस, क्लीन कैंपस'** और **'जीरो कार्बन'** बनाने के लिए शपथ ली गयी।






दिनांक 14 जून, 2023 को **विश्व रक्तदान दिवस** के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्व विद्यालय द्वारा **रक्तदान शिविर एवं पोस्टर प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कालीचरण महाविद्यालय की एन0एस0एस0 इकाई के स्वयं सेवकों ने प्रतिभाग किया।

21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ में शारीरिक शिक्षा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में **योगाभ्यास कार्यक्रम** का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं के साथ–साथ महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। योगाभ्यास के लिए प्रयाग आरोग्यम केन्द्र से योगाचार्य श्री लोकेश पाण्डेय एवं श्री विनीत यादव ने योग प्रोटोकाल का अभ्यास कराया तथा आसनों की विधि और उनके लाभ भी बताये। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने नियमित योग अभ्यास के लिए सभी को प्रेरित किया।






11 जुलाई **विश्व जनसंख्या दिवस** के अवसर पर कालीचरण महाविद्यालय में **वृक्षारोपण का कार्यक्रम** हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ लखनऊ विश्वविद्यालय की एम0बी0ए0 विभाग की अध्यक्षा प्रो0 संगीता साहू के कर कमलों से हुआ।



दिनांक 21 जुलाई, 2023 को उत्तर–प्रदेश के शीषर्थ राजनेताओं में से एक पूर्व कैबिनेट मंत्री, बिहार एवं मध्य–प्रदेश के पूर्व राज्यपाल **स्व0 लाल जी टण्डन** जो कालीचरण विद्यालय प्रबन्ध समिति के तीस वर्षों से अधिक समय तक सदस्य रहें की **तीसरी पुण्यतिथि** का आयोजन कालीचरण पी0 जी0 कालेज में स्थित उनकी भव्य प्रतिमा के माल्यार्पण तथा भारी संख्या में कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पार्पण के माध्यम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उत्तर–प्रदेश के अनेक गणमान्य राजनेता, वर्तमान में बी0जे0पी0 के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री बृज बहादुर, श्री अंजनी श्रीवास्तव, स्व0 लाल जी टण्डन के सुपुत्र सुबोध टण्डन एवं अमित टण्डन भी उपस्थित रहें। कालीचरण इडाउमेन्ट ट्रस्ट के प्रबन्धक इं0 वी0 के मिश्र, प्राचार्य कालीचरण इण्टर कालेज श्री अनिल मिश्रा, स्थानीय पार्षद श्री मनीष रस्तोगी तथा इस विद्यालय के पूर्व छात्र एवं पार्षद श्री अनुराग मिश्र 'अन्नू', विपिन अवस्थी, महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी, इण्टर कालेज के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी, सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी तथा सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजली एवं पुष्पांजली अर्पित की।

महाविद्यालय के प्रबन्धक इं0 वी0के0 मिश्र ने कहा कि उनका लखनऊ के लोगों, यहाँ की आबो–हवा, यहाँ की संस्कृति से गहरा लगाव था। कालीचरण विद्यालय को लखनऊ की शीर्ष शैक्षणिक संस्था बनाने में स्व0 बाबू जी का अप्रतिम योगदान था। इसी क्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों डॉ0 मनोज कुमार पाण्डेय, डॉ0 विश्वनाथ मिश्रा आदि ने भी बाबू जी से जुड़ी कई अविस्मरणीय बातों को साझा किया। श्रद्धांजली सभा का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने किया। उन्होंने स्व0 बाबू जी को महाविद्यालय का प्रमुख शिल्पी बताया तथा महाविद्यालय सहित इण्टर कालेज के आधुनिकीकरण की दिशा में उनके द्वारा किये गय कार्यों का उल्लेख किया। इसी क्रम में इण्टर कालेज के प्रवक्ता डॉ0 सुशील त्रिपाठी तथा प्राचार्य अनिल मिश्रा ने भी स्व0 बाबू जी के कार्यों तथा योगदान का रेखांकन किया।



25 जुलाई, 2023 को महाविद्यालय परिसर में **एच0डी0एफ0सी0 बैंक** के सौजन्य से **पौधा रोपण** किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय एवं एच0डी0एफ0सी0 बैंक चौक के ब्रांच हेड श्री मनु शर्मा, एच आर हेड श्री मोहित सोनी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।






27 जुलाई को कालीचरण महाविद्यालय में **रोजगार मेले** का आयोजन किया गया जिसमें देश की शीर्ष कम्पनियां आमंत्रित थी। इस रोजगार मेले में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने बढ–चढकर हिस्सा लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय और प्रबंधक इं0 वी0के0 मिश्र उपस्थित रहे।

27 जुलाई को कालीचरण पी0जी0 कॉलेज में **मिशन शक्ति** के अन्तर्गत **कार्यशाला** का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि के रूप में इंस्पेक्टर राजीव प्रताप सिंह ने छात्राओं को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। यह भी कहा कि निडर होकर अपनी बात और शिकायत पुलिस तक पहुँचाएं। पुलिस हमेशा उनके साथ है। महिला कॉस्टेबल ज्योति यादव ने पिंक बूथ से जुड़ी जानकारी छात्राओं से साझा की।



## Kalicharan in Newspaper



जिम्मेदारी दी गई है। (संवाद) अमर उजाला लखनऊ-पेज 7

### शुभम-उर्वशी बने मिस्टर-मिस परफेक्ट

लखनऊ। कालीचरण महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में शुक्रवार को स्नातक व परास्नातक के छात्रों का विदाई समारोह हुआ। आयोजन में शुभम मिश्रा को मिस्टर परफेक्ट व उर्वशी कश्यप को मिस परफेक्ट चुना गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। (संवाद)



एक नजर में

### कालीचरण कालेज में हुआ पौधारोपण

लखनऊ : कालीचरण पीजी कालेज में मंगलवार को एचडीएफसी बैंक चौक की ओर से कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। प्रबंधक वीके मिश्र, प्राचार्य प्रोफेसर चंद्रमोहन उपाध्याय, शाखा प्रबंधक मनु शर्मा व अन्य सहयोगियों ने विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए। बैंक के एचआर हेड मोहित सोनी ने कालेज की छात्राओं को विशेष तौर पर सहयोग देने व बैंकों में विशेष भर्ती के लिए आवश्यक प्रशिक्षण देने की बात कही। (जासं)



### बताए सुरक्षा के उपाय

लखनऊ : कालीचरण पीजी कालेज में गुरुवार को मिशन शक्ति के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में इंस्पेक्टर राजीव प्रताप सिंहने छात्राओं को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। यह भी कहा कि निडर होकर अपनी बात और शिकायत पुलिस तक पहुंचाएं। पुलिस हमेशा उनके साथ है। महिला कांस्टेबल ज्योति यादव ने पिंक बूथ से जुड़ी जानकारी छात्राओं से साझा की। (जासं)

